**विधान परिषद् के द्वितीय सत्र, 2022 के प्रथम शुक्रवार हेतु निर्धारित श्री ध्रुव कुमार त्रिपाठी, मा0 सदस्य, विधान परिषद् द्वारा पूछे गये अतारांकित प्रश्न संख्या-33 का उत्तर**

| प्रश्न | उत्तर |
| --- | --- |
| 33- (क) क्या उप मुख्य मंत्री बतायेंगे कि मनरेगा के अन्तर्गत जनपद देवरिया में विगत 02 वर्षों से वर्षवार कितनी धनराशि व्यय की गई है? | मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद देवरिया में वित्तीय वर्ष 2020-21 में रूपये 14754.56 लाख एवं वित्तीय वर्ष 2021-22 में रूपये 11073.51 लाख धनराशि व्यय की गयी। |
| (ख) क्या अभी भी स्वीकृत परियोजनाएं पूरी नहीं हुई हैं? | जी हां,<br>मनरेगा योजनान्तर्गत जनपद देवरिया में वित्तीय वर्ष 2020-21 में कुल 16927 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 12650 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 4277 परियोजनाएं अपूर्ण हैं तथा वित्तीय वर्ष 2021-22 में कुल 12755 परियोजनाएं स्वीकृत की गयी थी, जिसमें 8059 परियोजनाएं पूर्ण हो गयी हैं व 4696 परियोजनाएं अपूर्ण हैं। |
| (ग) यदि नहीं, तो जनपद देवरिया में ऐसी कितनी परियोजनाएं हैं, जिनके कार्य अभी अधूरे हैं तथा धनराशि का भुगतान कर दिया गया है? | जनपद देवरिया में ऐसी कोई अधूरी परियोजना नहीं है, जिसका सम्पूर्ण भुगतान करा दिया गया हो। |
| (घ) क्या जिलाधिकारी द्वारा उन अधूरी परियोजनाओं का निरीक्षण किया गया है? | प्रश्न नहीं उठता। |
| (ङ) यदि हाँ, तो कब? | प्रश्न नहीं उठता। |

**केशव प्रसाद मौर्य**
**उप मुख्यमंत्री।**